Google Workspace
for Education



# अभिभावक के इस्तेमाल के लिए Google Workslpace for Education गाइड

आपका बच्चा, Google Workspace for Education के उन टूल का इस्तेमाल कर रहा है जिनसे बेहतर तरीके से और साथ मिलकर काम करने में मदद मिलती है. इन टूल की मदद से, सुरक्षित डिजिटल प्लैटफ़ॉर्म पर आपका बच्चा आसानी से सीखता है. साथ ही, आप, आपका बच्चा, और उसका स्कूल - आपस में बेहतर तरीके से जुड़े रहते हैं. सभी खास टूल के बारे में जानने के लिए, इस गाइड का इस्तेमाल करें. इससे, आप अपने बच्चे की पढ़ाई के बारे में जान सकते हैं और उसकी आगे बढ़ने में मदद कर सकते हैं.

## Google Workspace for Education के बारे में जानें

आज की तारीख में, दुनिया भर में Google Workspace for Education का इस्तेमाल 17 करोड़ से ज़्यादा छात्र-छात्राएं और शिक्षक कर रहे हैं. इसके टूल की मदद से, शिक्षक कक्षाओं को मैनेज करते हैं, छात्रों को क्लासवर्क के लिए प्रेरित करते हैं, और स्कूल समुदायों में बातचीत और साथ मिलकर काम करने को बढ़ावा देते हैं. Google Workspace for Education में पहले से मौजूद सुलभता सुविधाएं भी हैं जिनसे छात्र-छात्राओं को उनकी खास शैली या ज़रूरतों के मुताबिक सीखने में मदद मिलती हैं. साथ ही, बेहतर classroom बनाने की सुविधा भी मिलती है.

## आपका बच्चा, स्कूल में Google Workspace for Education का इस्तेमाल कैसे कर रहा है?

स्कूल, शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों के लिए, सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को स्कूल से मैनेज किया जा रहा Google खाता देते हैं. वे इसमें Google Workspace for Education की मूल सेवाओं के साथ-साथ अतिरिक्त सेवाएं भी चालू कर सकते हैं. आम तौर पर, Google Workspace के जो टूल Classroom में उपलब्ध होते हैं और आपका बच्चा उनका इस्तेमाल कैसे करता है, इसकी जानकारी यहां दी गई है.

### आपका बच्चा सहयोगी और सीखने के टूल का इस्तेमाल करता है

| | |
|---|---|
| Classroom | Classroom की मदद से, आपका बच्चा अपने सभी असाइनमेंट खोज सकता है, शिक्षक के साथ बातचीत कर सकता है, और सुझाव, शिकायत या राय और ग्रेड पा सकता है. परिवार के सदस्य के तौर पर, आप ईमेल की खास जानकारी पाने का विकल्प चुन सकते हैं, ताकि जान सकें कि आपके बच्चे ने कितना सीखा है. |
| Forms | शिक्षा में मदद के लिए दी गई सुविधाओं से, शिक्षक Forms में सवाल-जवाब बना सकते हैं, ताकि आपका बच्चा जान सके कि उसने कितना सीखा है. इन सुविधाओं से, Forms में खींचें और छोड़ें इंटरफ़ेस की मदद से, एक से ज़्यादा विकल्प वाले सवाल बनाना आसान होता है. शिक्षक, Fomrs का इस्तेमाल रीयल टाइम में कक्षा में इंटरैक्टिव गतिविधियों, फ़ील्ड ट्रिप, और पॉटलक्स के लिए जानकारी इकट्ठा करने के साथ-साथ अभिभावक-शिक्षक कॉन्फ़्रेंस के दौरान उत्तर देने के लिए, सवाल इकट्ठा करने के लिए भी करते हैं. |
| Docs, Sheets, and Slides | आपका बच्चा दस्तावेज़, स्प्रेडशीट, और प्रज़ेंटेशन बना सकता है - और रीयल टाइम में अपने साथियों और शिक्षकों के साथ मिलकर काम कर सकता है. वे अपने काम को शेयर कर सकते हैं, सुझाव, शिकायत या राय पा सकते हैं, और तुरंत बदलाव कर सकते हैं. |
| Drive | Drive आपके बच्चे का वर्चुअल बैकपैक होता है. यहां वे अपने असाइनमेंट, दस्तावेज़ या पाठ्यक्रम को सेव और व्यवस्थित रखते हैं. साथ ही, वे किसी भी डिवाइस से इन्हें ऐक्सेस कर सकते हैं.इसका मतलब यह है कि आपके बच्चे की सभी ज़रूरी जानकारी और उनके काम अपने-आप सेव हो जाते हैं. साथ ही, कभी गुम नहीं होते. इससे आप अपने बच्चे के साथ बैठकर, Drive में सेव उनके स्कूल के सभी काम देख सकते हैं. |
| सुलभता सुविधाएं | Google Workspace for Education में सुलभता सुविधाएं मौजूद होती हैं. इससे बच्चे को अपने तरीके से सीखने में मदद मिलती है. वे ज़्यादा सहायता के लिए बोलकर लिखने की सुविधा या स्क्रीन रीडर का इस्तेमाल कर सकते हैं, ब्रेल डिस्प्ले से कनेक्ट कर सकते हैं या Google Meet या Slides में कैप्शन का इस्तेमाल कर सकते हैं. |

→ निजता और सुरक्षा को लेकर Google for Education की प्रतिबद्धता के बारे में जानें.

Google Workspace for Education

**बातचीत के ऐसे टूल जिनका इस्तेमाल आपका बच्चा करता है**

| | |
|---|---|
| Google Meet | जब व्यक्तिगत तौर पर अभिभावक-शिक्षक कॉन्फ़्रेंस करना संभव नहीं है, तो आपके बच्चे के शिक्षक, Google Meet की मदद से वर्चुअल कॉन्फ़्रेंस सेट अप कर सकते हैं. Google Meet डिस्टेंस लर्निंग के लिए भी एक बेहतर टूल है, जिसकी मदद से शिक्षक ऑनलाइन कक्षा में बच्चों को पढ़ा सकते हैं और उनसे बातचीत कर सकते हैं. इसका इस्तेमाल तब किया जा सकता है, जब व्यक्तिगत तौर पर कक्षा में शामिल होना संभव न हो. Google Meet में शिक्षकों के लिए कंट्रोल दिए रहते हैं. इसमें कक्षा को सही तरीके से मैनेज करने के लिए, मीटिंग में शामिल होने वाले लोगों को म्यूट करने और हटाने की सुविधा शामिल है. |
| Calendar | Classroom में हर कक्षा का अपना कैलेंडर होता है. इससे आपके बच्चे को अपने असाइनमेंट और आने वाले इवेंट की जानकारी मिलती है. शिक्षक भी Calendar का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसकी मदद से, वे छात्र-छात्राओं से मिलने या अभिभावक-शिक्षक कॉन्फ़्रेंस करने के लिए, अपॉइंटमेंट स्लॉट बना सकते हैं. |

## आपके बच्चे का डेटा कैसे सुरक्षित रखा जाता है?

Google ऐसे प्रॉडक्ट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो छात्र/छात्रा और शिक्षक की निजता को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं और स्कूल के लिए कक्षा में बेहतर सुरक्षा देते हैं. अगर आपका बच्चा, Classroom और Google Workspace for Education का इस्तेमाल कर रहा है, तो Google अपने पास किसी छात्र/छात्रा का डेटा नहीं रखता है, छात्र-छात्राओं पर विज्ञापन की नीतियां लागू नहीं होती, और हम अनुपालन स्टैंडर्ड का पालन करते हैं. जैसे, एफ़ईआरपीए,[1] कोपा,[2] और जीडीपीआर.[3]

→

आप निजता और सुरक्षा को लेकर Google for Education की प्रतिबद्धता के बारे में ज़्यादा जान सकते हैं. इसके लिए, google.com/edu/privacy पर जाएं.

## क्या आपको ज़्यादा जानकारी चाहिए?यहां बातचीत शुरू करने के कुछ विकल्प दिए गए हैं:


आपके हाल के कुछ ग्रुप प्रोजेक्ट क्या हैं? आपने साथ मिलकर कैसे काम किया?

आपका पसंदीदा ग्रुप प्रोजेक्ट कौनसा था?उसका विषय क्या था और आपने क्या सीखा?

आपको स्कूल के काम को मैनेज करने में, Classroom से कैसे मदद मिलती है?

आपको अपने असाइनमेंट कहां दिखते हैं?

आप अपने क्लासवर्क को घर पर कैसे ऐक्सेस कर सकते हैं?



→ ज़्यादा जानने के लिए, हमारे Teacher Center ट्रेनिंग और सहायता केंद्र पर जाएं, कोई ट्यूटोरियल देखें या हमारी वेबसाइट पर जाएं.

आप यह भी जान सकते हैं कि Google, कहीं से भी पढ़ाएं की मदद से परिवारों को सशक्त कैसे बना रहा है.

[1] पारिवारिक शिक्षा अधिकार और निजता अधिनियम.
[2] इंटरनेट पर बच्चों की निजता की सुरक्षा से जुड़ा कानून, 1998.
[3] सामान्य डेटा से जुड़े सुरक्षा कानून (जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन).

© 2021 Google LLC.1600 Amphitheatre Parkway, Mountain View, CA 94043.